# II. प्रत्यय

**प्रत्यय**–कुछ शब्दांश ऐसे होते हैं जो शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता ला देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं; जैसे–

| मूल शब्द | | प्रत्यय | | नवीन शब्द | मूल शब्द | | प्रत्यय | | नवीन शब्द |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बल | + | वान | = | बलवान | मनुष्य | + | त्व | = | मनुष्यत्व |
| शक्ति | + | मान | = | शक्तिमान | भूख | + | आ | = | भूखा |
| धर्म | + | इक | = | धार्मिक | लघु | + | ता | = | लघुता |

इन शब्दों में 'वान', 'मान', 'इक', 'त्व', 'आ', 'ता' प्रत्यय हैं तथा 'बल', 'शक्ति', 'धर्म', 'मनुष्य', 'भूख', 'लघु' मूल शब्द हैं।

Scanned with CamScanner

प्रत्यय मुख्यतया दो प्रकार के होते हैं–

1. **कृत् प्रत्यय**–वे प्रत्यय जो क्रिया के मूल रूप (धातु) के अंत में जुड़कर संज्ञा और विशेषण बनाते हैं, उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं; जैसे–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लिख | + | आवट | = | लिखावट | पढ़ | + | आई | = | पढ़ाई |

2. **तद्धित प्रत्यय**–वे प्रत्यय जो संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं; जैसे–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुकान | + | दार | = | दुकानदार | विवाह | + | इक | = | वैवाहिक |
| फल | + | वाला | = | फलवाला | भारत | + | ईय | = | भारतीय |

Scanned with CamScanner

प्रत्यय मुख्यतया दो प्रकार के होते हैं–

1. **कृत् प्रत्यय**–वे प्रत्यय जो क्रिया के मूल रूप (धातु) के अंत में जुड़कर संज्ञा और विशेषण बनाते हैं, उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं; जैसे–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लिख | + | आवट | = | लिखावट | पढ़ | + | आई | = पढ़ाई |

2. **तद्धित प्रत्यय**–वे प्रत्यय जो संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं; जैसे–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुकान | + | दार | = | दुकानदार | विवाह | + | इक | = वैवाहिक |
| फल | + | वाला | = | फलवाला | भारत | + | ईय | = भारतीय |

## 1. कृत् प्रत्यय

**हिंदी के कृत् प्रत्यय–**

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| अक्कड़ | – | भुलक्कड़, घुमक्कड़, पियक्कड़। |
| अन | – | चिंतन, झाड़न। |
| आ | – | लिखा, पढ़ा, सोचा। |
| आई | – | पढ़ाई, लिखाई, कमाई। |
| आऊ | – | बिकाऊ, टिकाऊ, चलाऊ। |
| आक | – | तैराक, चालाक, लड़ाक। |
| आका | – | लड़ाका, पटाका। |
| आकू | – | लड़ाकू, पढ़ाकू। |
| आन | – | उड़ान, चालान, लगान। |

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| आवट | – | सजावट, लिखावट, बनावट। |
| आस | – | प्यास, विकास, मिठास। |
| आहट | – | चिल्लाहट, घबराहट, मुस्कराहट। |
| इया | – | घटिया, डिबिया, बढ़िया। |
| इयल | – | मरियल, दढ़ियल, सड़ियल। |
| एरा | – | कमेरा, लुटेरा। |
| औती | – | मनौती, कटौती, फिरौती। |
| वाई | – | सुनवाई, लगवाई, कटवाई। |

**संस्कृत के कृत् प्रत्यय–**

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| अक | – | पाठक, धावक, पाचक। |
| आ | – | पूजा, विद्या, इच्छा। |
| उक | – | भिक्षुक, भावुक। |
| ता | – | दाता, अभिनेता। |

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| ई | – | पढ़ाई, त्यागी, उपकारी। |
| अन | – | गमन, भवन, चलन। |
| अनीय | – | पठनीय, करणीय, वंदनीय। |

## 2. तद्धित प्रत्यय

**हिंदी के तद्धित प्रत्यय–**

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| आ | – | भूखा, ठंडा, घना। |
| आई | – | बुराई, मिठाई, भलाई। |
| आना | – | सालाना, रोजाना, घराना। |
| आर | – | सुनार, लुहार, चमार। |
| इक | – | सामाजिक, नैतिक, ऐतिहासिक। |
| इया | – | रसोइया, दुखिया, खटिया। |
| ईला | – | चमकीला, रसीला, बर्फ़ीला। |

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| ईन | – | रंगीन, शौकीन, नमकीन। |
| कार | – | नाटककार, चित्रकार, कलाकार। |
| गर | – | जादूगर, कारीगर, बाजीगर। |
| दार | – | ईमानदार, चौकीदार, देनदार। |
| वान | – | गाड़ीवान, गुणवान, धनवान। |
| हार | – | होनहार, मुक्ताहार। |

**संस्कृत के तद्धित प्रत्यय–**

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| अक | – | लेखक, रक्षक। |
| इत | – | अंकित, शोभित, हर्षित। |
| इमा | – | कालिमा, नीलिमा, महिमा। |
| ईय | – | करणीय, भारतीय, शासकीय। |
| तम | – | उच्चतम, श्रेष्ठतम, निकटतम। |

| प्रत्यय | | उदाहरण |
|---|---|---|
| ता | – | महानता, मानवता, एकता। |
| त्व | – | सतीत्व, अपनत्व, लघुत्व। |
| व | – | शैशव, लाघव। |
| मय | – | जलमय, ज्ञानमय। |


Scanned with CamScanner

**पाठ्यपुस्तक में प्रयुक्त प्रत्यय युक्त शब्दों के कुछ उदाहरण–**

| शब्द | | मूल शब्द | + | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| कीमती | – | कीमत | + | ई |
| पर्वतीय | – | पर्वत | + | ईय |
| चाँदनी | – | चाँद | + | नी |
| अधिकतर | – | अधिक | + | तर |
| पत्रिका | – | पत्र | + | इका |
| लेखक | – | लेख | + | क |
| वैज्ञानिक | – | विज्ञान | + | इक |
| नौकरी | – | नौकर | + | ई |
| प्रायोगिक | – | प्रयोग | + | इक |
| प्रतिभावान | – | प्रतिभा | + | वान |
| चलाऊ | – | चल | + | आऊ |
| पागलपन | – | पागल | + | पन |
| स्वतंत्रता | – | स्वतंत्र | + | ता |
| राष्ट्रीय | – | राष्ट्र | + | ईय |
| द्रवित | – | द्रव | + | इत |
| रंगीन | – | रंग | + | ईन |
| शारीरिक | – | शरीर | + | इक |
| आकर्षित | – | आकर्षण | + | इत |
| हिचकिचाहट | – | हिचकिचा | + | आहट |
| अकेलापन | – | अकेला | + | पन |

| शब्द | | मूल शब्द | + | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| प्रोत्साहित | – | प्रोत्साहन | + | इत |
| महत्वपूर्ण | – | महत्व | + | पूर्ण |
| अंकित | – | अंक | + | इत |
| नम्रता | – | नम्र | + | ता |
| देवत्व | – | देव | + | त्व |
| प्रेमिका | – | प्रेम | + | इका |
| सहनशीलता | – | सहनशील | + | ता |
| शानदार | – | शान | + | दार |
| आंतरिक | – | अंतर | + | इक |
| नागरिकता | – | नगर + इक | + | ता |
| तटस्थता | – | तटस्थ | + | ता |
| ईश्वरत्व | – | ईश्वर | + | त्व |
| मज़हबी | – | मज़हब | + | ई |
| मनुष्यत्व | – | मनुष्य | + | त्व |
| रुकावट | – | रुक | + | आवट |
| ग्रंथकार | – | ग्रंथ | + | कार |
| मासिक | – | मास | + | इक |
| राजनैतिक | – | राजनीति | + | इक |
| दैनिक | – | दिन | + | इक |

Scanned with CamScanner